राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–254/2024

राज्यपाल ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सैनिकों के कल्याण हेतु अंशदान किया

पटना, 07 दिसम्बर, 2024 :– सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर को गृह विभाग के प्रधान सचिव श्री अरविन्द कुमार चौधरी एवं सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर मृगेन्द्र कुमार ने राजभवन आकर 'फ्लैग' लगाया। इस अवसर पर राज्यपाल ने सैनिकों के कल्याण के लिए 'बिहार स्टेट एक्स सर्विसमेन बेनेवोलेन्ट फंड' में यू०पी०आई० के माध्यम से अंशदान किया।

माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने इस अवसर पर भारत की सशस्त्र सेना के सभी पदाधिकारियों एवं जवानों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। उन्होंने देश के वीर सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए कहा है कि वे अपने प्राणों की बाजी लगाकर हमारे राष्ट्र की रक्षा करते हैं। उन्होंने बिहारवासियों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर 'बिहार स्टेट एक्स सर्विसमेन बेनवोलेन्ट फंड' में उदारतापूर्वक अंशदान करने की अपील करते हुए कहा कि सैनिकों और उनके परिजनों की मदद करना हमारा नैतिक दायित्व है तथा हमारा यह अंशदान राष्ट्र के प्रति हमारी निष्ठा और देशभक्ति का परिचायक है।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, गृह विभाग, सैनिक कल्याण निदेशालय एवं राजभवन के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....